## व्यवस्थाओं में रत्ती भर की चूक बर्दाश्त नहीं, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि

# बाणगंगा मैदान में कल से सजेगा महामेला

### कलेक्टर डॉ. केदार सिंह का सख्त निर्देश

शहडोल।






आस्था, परंपरा और बुंदेलखंडी संस्कृति का प्रतीक ऐतिहासिक बाणगंगा मेला इस वर्ष भी भव्य रूप में आयोजित होने जा रहा है। मकर संक्रांति 14 जनवरी से शुरू होने वाले इस 7 दिवसीय आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मेला आयोजन समिति की बैठक में कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और व्यापारियों की सुविधा व सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी।

#### सुरक्षा का कड़ा पहरा

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में विद्युत विभाग को कड़ी चेतावनी दी है कि मेला क्षेत्र में बिजली के तार झूलते हुए नहीं मिलने चाहिए। उन्होंने नगर पालिका और संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि कुंड की सफाई और श्रद्धालुओं के स्नान के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कुंड में महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग स्नान और वस्त्र बदलने (चेंजिंग रूम) की सुदृढ़ व्यवस्था हो। गंदगी मिली तो जिम्मेदारी तय की जाएगी।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम

नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने बताया कि इस बार मेले को और अधिक भव्य बनाया जा रहा है। लगभग 800 दुकानदारों के लिए व्यवस्थित ले-आउट तैयार किया गया है। मनोरंजन के लिए मेले के अंतिम छोर पर विशाल झूलों का संसार सजेगा। सबसे बड़ा आकर्षण शाम 7 से रात 10 बजे तक होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस बार स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ राजस्थानी, बुंदेलखंडी और छत्तीसगढ़ी लोक विधाओं का तडक़ा लगेगा, जो शहडोल की शाम को संगीत और संस्कृति से सराबोर कर देगा।

#### भीड़ नियंत्रण के लिए रूट चार्ट

प्रशासन ने इस बार मेले के प्रवेश द्वारों पर स्पष्ट बोर्ड लगाने और खोया-पाया केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस, दमकल और पुलिस कंट्रोल रूम की व्यवस्था मेला स्थल पर ही रहेगी। भीषण ठंड को देखते हुए प्रशासन ने रात के समय सार्वजनिक अलाव जलाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही ओरिएंट पेपर मिल, एसईसीएल और रिलायंस द्वारा विकास की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

#### लापरवाही पर नपेंगे अधिकारी

बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, एसडीएम काजोल सिंह, अमृता गर्ग सहित भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। कलेक्टर ने अफसरों को निर्देश दिए कि पार्किंग से लेकर पेयजल और शौचालय तक की व्यवस्था जीरो टॉलरेंस पर आधारित होनी चाहिए। व्यापारियों को स्थान आवंटन में कोई धांधली न हो और आमजन को ट्रैफिक जाम से न जूझना पड़े, इसके लिए पुलिस विभाग को चाक-चौबंद रहने के निर्देश दिए गए हैं। शहडोल का बाणगंगा मेला केवल एक बाजार नहीं, बल्कि इस अंचल की आत्मा है। प्रशासन की इस सख्ती से उम्मीद है कि इस वर्ष श्रद्धालु एक सुरक्षित और सुखद वातावरण में मकर संक्रांति का पर्व मना सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### अनिष्का ने प्रथम स्थान अर्जित कर परिवार का नाम किया रोशन



**शहडोल।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई मनोज ट्रेडिंग कंपनी एवं मनोज टीवीएस के संचालक मनोज गुप्ता के भतीजे योगेश, रुचि गुप्ता, मिंकु की पुत्री अनिष्का गुप्ता ने विचारपुर स्थित बेलवेद्दर स्कूल आयोजित ओलंमपियेड सेशन 2 में प्रथम स्थान अर्जित कर परिवार का नाम रोशन किया। अनिष्का गुप्ता कि इस उपलब्धि पर इनके दादा हनुमान गुप्ता रिटायर्ड शिक्षक, समाजसेवी व्यवसाई राजेश गुप्ता दादा , मनोज टीवीएस के संचालक भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता दादा, दादी श्रीमती सुनीता गुप्ता, दादी श्रीमती वर्षा गुप्ता एवं वार्ड नंबर 27 की पार्षद श्रीमती आरती गुप्ता दादी, चाचा हिमांशु गुप्ता, प्रखर गुप्ता, रूपांश गुप्ता, अमित गुप्ता सहित परिवार के अन्य सदस्यों एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों ने भी ने प्रथम स्थान अर्जित करने पर अनिष्का को बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### लापरवाह अफसरों पर कलेक्टर सख्त



**शहडोल।** सरकारी कामकाज में सुस्ती और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनहीनता पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। सोमवार को विराट सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दो-टूक शब्दों में चेतावनी दी कि जनता की शिकायतों के निराकरण में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**नॉन-परफॉर्मिंग अफसरों की खैर नहीं-** कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निराकरण केवल कागजों पर खानापूर्ति या लो-क्वालिटी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अन-अटेन्डेड न रहे, अगर मैदानी अमला काम नहीं कर रहा है, तो जिला प्रमुख सीधे जिम्मेदारी तय करें।

**जवाबदेही तय, अब सीधे होगी कार्रवाई-** बैठक में कलेक्टर ने अफसरों को अल्टीमेटम दिया कि जिन विभागों में शिकायतों का अंबार लगा है, वहां जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति सहित जिले भर के एसडीएम और डिप्टी कलेक्टर मौजूद रहे, जिन्हें साफ संदेश दिया गया कि शासन की प्राथमिकता वाली सीएम हेल्पलाइन में अब लापरवाही की कोई जगह नहीं है।

**विस्मृत नायकों को मुख्यधारा में लाना ही परिषद का संकल्पःमनोज**

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले स्मार्टफोन और साइकिल



**शहडोल।** स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपनी रचनात्मक और वैचारिक शक्ति का परिचय देते हुए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणामों ने यह साबित कर दिया कि शहडोल का युवा अपनी जड़ों और क्रांतिकारियों से जु?ने के लिए पूरी तरह आतुर है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभाविप महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री मनोज यादव ने कड़े शब्दों में कहा कि परिषद उन महान क्रांतिकारियों की यादों को पुनर्जीवित कर रही है जिन्हें इतिहास के पन्नों में भुलाने का प्रयास किया गया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर अनुशासन और ऊर्जा का प्रदर्शन





### सूर्य नमस्कार के 12 आसनों के साथ अनुलोम-विलोम का सामूहिक अभ्यास

शहडोल।

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय का महात्मा गांधी स्टेडियम केवल एक मैदान नहीं, बल्कि अनुशासन और युवा संकल्प का अखाड़ा बन गया। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में हजारों युवाओं ने एक साथ योग की मुद्राओं में कदम ताल कर यह संदेश दे दिया कि शहडोल का युवा अब जाग चुका है।

#### प्रशासन की सख्ती और युवाओं का जोश

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल की मौजूदगी में कार्यक्रम का आगाज हुआ। जैसे ही आकाशवाणी से राष्ट्रगीत वंदे मातरम की गूंज उठी, पूरा स्टेडियम देशभक्ति के आवेश से भर गया। कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश दिया कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं के जीवन का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की शिथिलता के लिए जगह नहीं थी, हर आसन और हर प्राणायाम एक सख्त अनुशासन के घेरे में संपन्न हुआ।

#### शिकागो की गर्जना और मुख्यमंत्री का संदेश

शिकागो धर्म संसद में विवेकानंद के ऐतिहासिक उद्बोधन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश ने युवाओं में नई ऊर्जा फूँक दी। योग शिक्षकों के कड़े अनुशासन में छात्र-छात्राओं और अधिकारियों ने सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास किया। अनुलोम-विलोम और भ्रामरी के जरिए मानसिक एकाग्रता का प्रदर्शन किया गया। इस शक्ति प्रदर्शन में एसडीएम अमृता गर्ग सहित जिले के आला अफसर भी पसीना बहाते नजर आए। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कड़े और अनुशासित आयोजन लगातार जारी रहेंगे।

## सरकारी सिस्टम की सुस्ती पर सर्जिकल स्ट्राइक

### 31 मार्च तक चलेगा संकल्प से समाधान का चाबुक



**शहडोल।** शासन की योजनाओं को फाइलों से निकालकर सीधे पात्र व्यक्ति की दहलीज तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने संकल्प से समाधान अभियान के जरिए युद्धस्तर पर मोर्चा संभाल लिया है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्ट्रेट में हुई हाई-प्रोफाइल बैठक में अधिकारियों को दो-टूक चेतावनी दी है, अब दफ्तरों के चक्कर काटने का दौर खत्म होगा, अधिकारी खुद जनता के द्वार पहुंचकर शिकायतों का निपटारा करेंगे।

**लापरवाही पर गाज गिरना तय-** 12 जनवरी से शुरू हुआ यह अभियान 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में चलेगा। कलेक्टर ने साफ कर दिया है कि पूरा खेल सीएम हेल्पलाइन पोर्टल की निगरानी में होगा। प्रथम चरण (15 फरवरी तक) में घर-घर जाकर आवेदन बटोरने का काम होगा। इसमें पंचायत सचिव, पटवारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की फौज को मैदानी स्तर पर झोंक दिया गया है।

**अधिकारियों की परफॉर्मेंस पर नजर-** अभियान के दूसरे और तीसरे चरण में तहसीलदार से लेकर एसडीएम स्तर के अधिकारी क्लस्टर और ब्लॉक लेवल पर शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान करेंगे। सबसे कड़ा संदेश अंतिम चरण (26-31 मार्च) के लिए है, जिसकी अध्यक्षता स्वयं जिले के प्रभारी मंत्री करेंगे। कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि जो भी आवेदन अनिराकृत रहेगा, उसकी जवाबदेही संबंधित विभाग के प्रमुख की होगी। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य में बाधक बनने वाले किसी भी सुस्त कर्मचारी या अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति सहित जिले भर के आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें 31 मार्च तक का डेडलाइन अल्टीमेटम थमा दिया गया है।



## सफाई कामगारों ने प्रशासन को दिया 72 घंटे का अल्टीमेटम

### वेतन-एरियर का भुगतान नहीं तो, सफाई व्यवस्था होगी ठप्प

**शहडोल।** शहर को चकाचक रखने वाले सफाई कामगार खुद आर्थिक तंगहाली के अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। नगर पालिका शहडोल की तानाशाही और संवेदनहीन कार्यप्रणाली के खिलाफ भारतीय सफाई मजदूर संघ ने आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। सोमवार को संघ ने नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ को शिकायत पत्र सौंपकर स्पष्ट कर दिया कि यदि 72 घंटे (3 दिन) के भीतर वेतन और एरियर का भुगतान नहीं हुआ, तो शहर की सफाई व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा।

संघ के नगर अध्यक्ष बाल्मीकि कुंडे ने प्रशासन पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि अधिकारी केवल वादे करना जानते हैं, उन्हें निभाना नहीं। नगर पालिका ने 58 दिनों का वेतन रोक रखा है, जिसमें 29 दिन की नियमित ड्यूटी और 29 दिन के विशेष स्वच्छता अभियान का पारिश्रमिक शामिल है। कर्मचारी बिना पैसे के काम कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया है। 30 दिसंबर को हुई बैठक में हुए निर्णयों को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया गया है।

कर्मचारियों का सबसे बड़ा आक्रोश नियमितीकरण को लेकर है। संघ ने आरोप लगाया कि जो कर्मचारी 18 वर्षों से अपना खून-पसीना एक कर रहे हैं, उन्हें नियमित करने के बजाय प्रशासन पिछले दरवाजे से नई नियुक्तियों में व्यस्त है। श्रेणी घ के रिक्त पदों पर पुराने अनुभवी कर्मचारियों को नजरअंदाज करना प्रशासन की सोची-समझी साजिश है।

मजदूर संघ ने चेतावनी दी है कि अब बातचीत का समय निकल चुका है। यदि 3 दिनों में वेतन खातों में नहीं आया और लंबित एरियर का भुगतान नहीं हुआ, तो सफाई कामगार सडक़ों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे। शहर में कचरे के अंबार लगेंगे और स्वास्थ्य व्यवस्था बिगड़ेगी, जिसकी शत-प्रतिशत जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। कर्मचारियों ने दो-टूक कहा है कि अब भूख और शोषण की पराकाष्ठा हो चुकी है, अब जवाब ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा।

## स्वदेशी के शंखनाद से गूंजा विश्वविद्यालय परिसर

# रन फॉर स्वदेशी में दिखा युवाओं का फौलादी संकल्प

शहडोल।




स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के छात्रों ने सडक़ों पर उतरकर यह साफ कर दिया कि देश की असली ताकत स्वदेशी और आत्मनिर्भरता में ही निहित है। यूजीसी और शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम महज एक दौड़ नहीं, बल्कि विदेशी मानसिक गुलामी के खिलाफ एक जोरदार वैचारिक प्रहार बनकर उभरा।

#### दौड़ में दिखा युवाओं का पावर हाउस

विश्वविद्यालय परिसर से शुरू हुई इस दौड़ में एनएसएस, एनसीसी और शारीरिक शिक्षा विभाग के जांबाजों ने 2 किमी, 3 किमी और 5 किमी की चुनौतियों को अपने पैरों तले रौंद दिया। स्वदेशी अपनाओ-देश बचाओ और आत्मनिर्भर भारत के नारों ने न केवल वातावरण में ऊर्जा भरी, बल्कि उन ताकतों को भी सख्त संदेश दिया जो भारतीय बाजार और संस्कृति को कमजोर करने का प्रयास करते हैं।

#### भीतर की शक्ति जगाने का आह्वान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए कहा कि विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की रीढ़ माना था, लेकिन वह रीढ़ तब तक मजबूत नहीं होगी जब तक हम आर्थिक और मानसिक रूप से स्वदेशी नहीं बनेंगे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, स्वदेशी सोच के बिना सशक्त भारत की कल्पना बेमानी है। यदि आज का युवा नवाचार और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प नहीं लेता, तो वह अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है।

#### अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का संगम

कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी ने इस आयोजन को स्वामी विवेकानंद के विचारों को व्यवहार में उतारने का अंतिम प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही सशक्त राष्ट्र का वास होता है और यह दौड़ युवाओं को मानसिक गुलामी से मुक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आदर्श तिवारी ने आभार व्यक्त किया, लेकिन पूरे आयोजन का सार यही रहा कि विश्वविद्यालय अब केवल किताबी ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण और स्वदेशी की मशाल थामने वाले योद्धाओं को तैयार करने की रणभूमि बन चुका है।

## ऐंताझार में उमड़ा आस्था का महाकुंभ राम नाम की गूंज से परास्त हुई आसुरी वृत्तियां




**शहडोल।** जिले की सोहागपुर जनपद की ग्राम पंचायत ऐंताझार की पावन धरा इन दिनों केवल भक्ति का केंद्र नहीं, बल्कि सनातन शक्ति का उद्घोष बन चुकी है। वृंदावन से पधारे पूज्य राघव कृष्ण जी महाराज के सान्निध्य में जारी राम महायज्ञ एवं हनुमंत कथा ने पूरे अंचल को भक्तिमय ऊर्जा से सराबोर कर दिया है। 05 जनवरी से शुरू हुए इस अनुष्ठान में उमड़ रहा जनसैलाब यह बताने के लिए पर्याप्त है कि जब राम नाम का शंखनाद होता है, तो पूरा समाज एक सूत्र में बंध जाता है।

महाराज जी ने अपनी कथा में स्पष्ट कर दिया है कि राम केवल मंदिर में नहीं, बल्कि मर्यादा और आचरण में होने चाहिए। उनके प्रेरक प्रसंगों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर करारा प्रहार किया है। यज्ञ की आहुतियों और भजनों के उल्लास ने वातावरण की नकारात्मकता को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। भक्ति की इस गंगा में डुबकी लगाने पूर्व कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी, पूर्व विधायक प्रमिला सिंह और सेवानिवृत्त कलेक्टर अमर पाल सिंह जैसे कद्दावर चेहरे भी पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति के सुजीत श्रीवास्तव और वैभव श्रीवास्तव की अगुवाई में यह विशाल आयोजन अपनी भव्यता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आयोजकों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि धर्म का यह कारवां रुकने वाला नहीं है। 13 जनवरी को भव्य महाप्रसादी के साथ इस महायज्ञ का समापन होगा। वर्तमान में पूरा शहडोल क्षेत्र राम भक्ति के जिस सैलाब को देख रहा है, वह आधुनिकता के दौर में सनातन मूल्यों की अटूट जीत है।

## मेले में फैली विसंगतियों के खिलाफ पार्षद ने मोर्चा खोला

### फायर सेफ्टी के बिना झूलों के साथ जैन कल्पना रेस्टोरेंट पर गंभीर आरोप



**शहडोल।** एक तरफ जिला प्रशासन बाणगंगा मेले को आदर्श और व्यवस्थित बनाने के लिए बैठकों का दौर चला रहा है, वहीं दूसरी ओर मेले के धरातल पर रसूखदारों ने अपनी मनमर्जी चलानी शुरू कर दी है। भाजपा के वार्ड नंबर 17 के पार्षद प्रकाश नारायण शुक्ला ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखकर मेले की व्यवस्थाओं में हो रही धांधली और सुरक्षा में भारी चूक पर कड़ा प्रहार किया है। पार्षद श्री शुक्ला ने अपनी शिकायत में सीधा आरोप लगाया है कि मेले में जैन कल्पना रेस्टोरेंट द्वारा जरूरत से ज्यादा जगह पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। प्रशासन ने दावा किया था कि मेले में लगभग 800 दुकानें तय लेआउट के अनुसार लगेंगी, लेकिन पार्षद का आरोप है कि इस एक बड़े संस्थान के कब्जे के कारण दूर-दराज से आए छोटे व्यापारियों को जगह नहीं मिल पा रही है। क्या सरकारी अमला इन प्रभावशाली लोगों के सामने नतमस्तक है। पार्षद ने मेले में लग रहे झूलों को लेकर भी एक खौफनाक हकीकत उजागर की है। पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि जैन के सभी झूलों में फायर एवं सेफ्टी संबंधी कोई प्रावधान नहीं किए गए हैं। हजारों की भीड़ वाले इस मेले में बिना सुरक्षा मानकों के झूलों का संचालन किसी बड़ी अनहोनी को खुला निमंत्रण है। पार्षद ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते जांच कर दुकानों का एरिया कम नहीं किया गया और सुरक्षा मानक पूरे नहीं हुए, तो किसी भी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ उच्चस्तरीय बैठक में प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय होने का ढोंग कर रही है, वहीं दूसरी तरफ पार्षद को 12 जनवरी को ही इन विसंगतियों के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ा। सवाल यह है कि क्या कलेक्टर के निर्देशों को धता बताकर मेले में स्थान का बंदरबांट चल रहा है? अब देखना यह है कि नगरपालिका प्रशासन इन रसूखदारों पर डंडा चलाता है।

## खबर संक्षेप

### प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाएंः कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय,जल निगम एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियो से कहा है कि प्रदेश शासन व्दारा चलाए गए स्वच्छ जल अभियान एवं जल सुनवाई को गंभीरता से लेते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना नगरीय निकायों का दायित्व है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वच्छ जलप्रदाय सुनिश्चित किया जाए। पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच हो, दूषित होने पर वैकल्पिक व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि सरकार सभी लोगों को शुद्ध पेयजल हेतु बेहतर प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है। स्वच्छ जल अभियान दो चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी और द्वितीय चरण एक मार्च से 31 मार्च के मध्य संचालित होगा। आम नागरिकों की पेयजल समस्या के लिये जल सुनवाई की भी व्यवस्था रखी गई है। अधिकारी जल सुनवाई को गंभीरता से लें। जल सुनवाई से आम जनता को सुनवाई का हक मिलेगा और साफ़ पेयजल कि उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या , प्रभारी एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज,पाली मीनाक्षी इंगले ,एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला आया सामने

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत गढ़ी गांव में नवविवाहिता महिला नेहा साहू 24 वर्ष के द्वारा अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि महिला का विवाह 7 माह पूर्व ही हुआ था। मृतिका अपने मायके में आई थी। अचानक हुई घटना को लेकर गांव में सनसनी व्याप्त है। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव परीक्षण एवं पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। नवविवाहिता होने के कारण जांच एसडीओपी कोतमा के द्वारा की जा रही है। जानकारी अनुसार नेहा साहू 25 वर्ष की शादी प्रदीप साहू निवासी सारंगढ़ से मई 2025 में हुई थी। जानकारी अनुसार पति-पत्नी के बीच फोन में ज्यादा बात को लेकर कुछ विवाद बना रहता था मामले की विवेचना जारी है।

### सेवा सप्ताह के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा से यूथ रेड क्रॉस क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में 06 जनवरी से 12 जनवरी तक स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती के अवसर पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, बाल संरक्षण सेवा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने 10 यूनिट रक्तदान कर रक्तदान महादान अभियान में अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी एवं यूथ रेड क्रॉस क्लब के सदस्य ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी।

---

### शरीर को पुष्ट बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है योग: विधायक

# युवा दिवस पर हुआ सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम

#### योग से कई प्रकार की बीमारियों से मिलती है मुक्ति: कलेक्टर

उमरिया






जिले में स्वामी विवेकानन्द की जयंती युवा दिवस के रूप मे मनाई गई। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम प्रातः 9 से 10:15 बजे आकाशवाणी के माध्यम से एक साथ एक संकेत पर प्रसारित किया गया। जिला मुख्यालय उमरिया में अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द एक ऐसी प्रेरणा थे,जिनके विचार आज भी हम सब को ऊर्जा से भर देते हैं। जो व्यक्ति अपने आप पर भरोसा करता है, उसकी मदद ईश्वर भी करता है। प्रत्येक नागरिक को शरीर और मन से स्वस्थ होना चाहिये। शरीर को स्वस्थ बनाने का सबसे सशक्त माध्यम योग है। सूर्य नमस्कार और प्राणायाम करके योग के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वामी विवेकानन्द के बताए मार्ग पर चलना होगा। सूर्य नमस्कार और प्राणायाम को अपनाना होगा और स्वयं को समाज और देश के लिये कार्य करने के लिए बड़े लक्ष्य से जोडऩा होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि योग हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग से जहां एक ओर स्वास्थ्य ठीक रहता है वहीं शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है। योग से कई प्रकार की बीमारियों से भी मुक्ति मिलती है। सूर्य नमस्कार में योग के सभी आसनों का समावेश होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन करके किया गया। उसके बाद स्वामी विवेकानन्द जी के विश्व प्रसिद्ध शिकागो उदबोधन एवं मुख्यमंत्री जी के संदेश का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान से हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल,पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी,सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज,जनप्रतिनिधि,जिला शिक्षा अधिकारी,जिला प्रमुख अधिकारी,गायत्री परिवार, ब्रम्हाकुमारी ईश्रीय विश्व विद्यालय शांति मार्ग उमरिया, वैश्य महा सम्मेलन,पत्रकार, विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने उपस्थित रहकर योग किया।

---



## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण करते हुए ए ग्रेड मे आना सुनिश्चित करें ।

बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।

उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों,ब्लाक के अधिकारियो को समग्र ई केवायसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए समय सीमा मे आवास का कार्य तेजी लाने के निर्देश दिए।उन्होने कहा कि जिन आश्रमो, छात्रावासो मे तीन वर्ष से अधिक समय से अधीक्षक पदस्थ है,उनकी जगह नये अधीक्षको को तैनात किया जाए।उन्होने आयुष्मान 70 प्लस की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन हितग्राहियो को मोबाइल नंबर अपडेट हैं,उनका कार्ड बनाया जाए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या , प्रभारी एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज,पाली मीनाक्षी इंगले ,एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी,सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## युवा दिवस 12 जनवरी से 31 मार्च तक चलेगा संकल्प से समाधान अभियान

**उमरिया।** केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिए जिले में 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है जो आगामी 31 मार्च तक चलेगा। अभियान में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए अभियान 4 चरणों में चलाया जाएगा। अभियान में ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति और आवेदन/शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित होगा,जिसका एक नोडल अधिकारी होगा। सम्पूर्ण कार्यवाही सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जाएगी। पोर्टल में एक प्रथम माड्यूल तैयार कर अधिकारियों एवं नागरिकों के लिए लॉगिन क्रिएट करने की सुविधा दी जाएगी। उक्त आशय की जानकारी कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में संकल्प से समाधान अभियान की जानकारी देते हुए व्यक्त की।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी, 2026 तक चलेगा। इसमें आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी।प्रत्येक ग्राम पंचायत/नगरीय निकायों के वार्ड में नगरीय वार्ड स्तरीय समिति बनाना होगी जिसमें ग्राम/नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। पंचायत/नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन/शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया जाएगा, जिसका एक नोडल अधिकारी होगा। यह दल शासन की विभिन्न योजनाओं/सेवाओं से संबंधित आवेदन व शिकायतों को शिविर लगाकर या घर-घर जाकर एकत्रित करेगा। नोडल अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को



पोर्टल पर दर्ज करे।पोर्टल पर दर्ज करने के बाद सभी आवेदनों को क्लस्टर/जोन लेवल के अधिकारी के पास जमा किया जाएगा। क्लस्टर/जोन लेवल अधिकारी आवेदनों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिये प्रेषित कर निराकरण की स्थिति प्राप्त करेगा । अभियान का दूसरा चरण 16 फरवरी, 2026 से प्रारंभ होकर 16 मार्च, 2026 तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार/नायब तहसीलदार/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत/मुख्य नगर पालिका अधिकारी /विकासखंड शिक्षा अधिकारी/जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे। द्वितीय चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन के साथ शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिये शिविर लगाए जाएंगे। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह में निर्धारित किया जाएगा. क्लस्टर/जोन लेवल पर शिविर लगाने के लिये समय सारिणी जिले द्वारा तैयार किये जाएंगे। टीम द्वारा प्राप्त आवेदन/शिकायतों का निराकरण क्लस्टर/जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।आवेदनों का निराकरण पोर्टल पर क्लस्टर/जोन लेवल के नोडल अधिकारी द्वारा दर्ज किया जाएगा। अभियान का तीसरा चरण दिनांक 16 मार्च, 2026 से 26 मार्च, 2026 तक चलेगा। इस चरण में विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/तहसीलदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहेंगे। इस चरण में ब्लॉक नगर स्तर पर शिविर आयोजित किए आएंगे, जिसमें क्लस्टर, जोन लेवल पर अनिराकृत आवेदन व शिकायतों/नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। विकासखण्ड मुख्यालयों में जहाँ नगर पंचायत या नगर पालिका स्थित है, उनमें सम्मिलित रूप से विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में किए गए निराकरणों को ब्लॉक लेवल नोडल अधिकारी द्वारा विहित पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। अभियान का चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च, 2026 तक चलेगा। इसमें जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर समस्त अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायती आवेदनों के साथ नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा की जाएगी। प्रभारी मंत्री द्वारा हितग्राहियों/लाभार्थियों को जिला स्तरीय समारोहों में सम्मान पूर्वक हितलाभ वितरण किया जायेगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीता राम सत्या , प्रभारी एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, पाली मीनाक्षी इंगले एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## सूर्य नमस्कार एवं विविध खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की पावन जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में अनुशासन, ऊर्जा और उत्सव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे विद्यालय के विशाल प्रांगण में सूर्य नमस्कार से हुई। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भगवान भास्कर को नमन करते हुए सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया, जिससे पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन उपलक्ष्य में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए विविध खेल



प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 1000 मीटर दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद जैसी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के साथ-साथ पारंपरिक खेल जलेबी दौड़, तीन टांग दौड़, बोरा दौड़ एवं रस्सा खींच भी आयोजित किए गए। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया।

कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनके ओजस्वी व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर उनके विचारों को साझा किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह उईके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अनुजा मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विद्यालय के शिक्षकगण, पीटीआई एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल रहे। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, अनुशासन और युवा चेतना से परिपूर्ण वातावरण बना रहा।

---

# कलेक्ट्रेट में गूंजा छात्रों का आक्रोश

### परीक्षा परिणामों में धांधली पर एनएसयूआई का तीखा प्रहार

**उमरिया।** मध्यप्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था और परीक्षा परिणामों में हुई भारी गड़बड़ियों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को जिला मुख्यालय में हस्ड्ढ कार्यकर्ताओं ने हजारों छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई और परिणामों में सुधार की मांग की गई।

#### हजारों छात्रों का भविष्य अधर में

एनएसयूआई का आरोप है कि शहडोल के पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय और रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की घोर लापरवाही के कारण उमरिया जिले के हजारों छात्र मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बी.ए., बी.एससी. और बी.कॉम. प्रथम वर्ष के परिणामों में नियमित परीक्षा देने वाले सैकड़ों छात्रों के अंक शून्य दर्शाए गए हैं। वहीं कई छात्रों के परिणाम लंबे समय से लंबित हैं, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई और छात्रवृत्ति पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

#### उच्च शिक्षा व्यवस्था चौपट, सरकार मौन

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मो. असलम शेर ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एक तरफ सरकार बेहतर भविष्य के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर हजारों छात्रों को बिना किसी कारण के फेल या शून्य अंक दिए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की इस संवेदनहीनता ने युवाओं के रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं के सपनों को दांव पर लगा दिया है।



#### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही परिणामों में सुधार नहीं किया गया और विसंगतियों को दूर नहीं किया गया, तो एनएसयूआई सडक़ों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि यह केवल ज्ञापन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक चरणबद्ध तरीके से सरकार की घेराबंदी की जाएगी।

#### प्रदर्शन में ये रहे शामिल

इस अवसर पर आईटी सेल अध्यक्ष कृष्ण कांत तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अम्बर शुक्ला, कॉलेज अध्यक्ष ओम असाटी, अनुज वर्मा, खुशी मोगरे, शीतला प्रताप, अनुराग तिवारी, कृष्णा रजक, राजा कोल, आंचल चौधरी, रोहिनी सिंह, पल्लवी असाटी, बिलाल खान, दीपेंद्र महोबिया, मुस्कान महोबिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

**कलेक्टर की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस संबंधी बैठक संपन्न**

## सौंपे गये दायित्वों का अधिकारी समय सीमा में निर्वहन करना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आयोजन संबंधी बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई । कलेक्टर ने समस्त अधिकारियो को उत्तरदायित्व सौपते हुए कहा कि जिन अधिकारियो को जो दायित्व सौपे गये है, उनका निर्वहन समय सीमा मे कर लिया जाए ।

बैठक में बताया गया कि गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह स्टेडियम उमरिया मे प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा । सभी शिक्षण संस्थानो से छात्र छात्राओ के एकत्रीकरण के पश्चात प्रभात फेरी निकाली जाएगी,जो विभिन्न मार्गो से होते हुए स्टेडियम पहुंचेगी । समारोह में मंच व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग, स्टेडियम की पुताई, टेंट, शामियाना, बैठक व्यवस्था, अग्निशामक यंत्र,ध्वजारोहण के लिए पृथक से मंच आदि की व्यवस्था के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी , गुब्बारो की व्यवस्था के लिए उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाए तथा मंच



की साज सज्जा के लिए , जिप्सी तथा फूल मालाओ की व्यवस्था के लिए सहायक संचालक उद्यानिकी को निर्देशित किया गया ।

इसी तरह मुख्य समारोह स्थल परेड ग्राउंड मे ध्वज एवं ध्वजदंड की व्यवस्था हेतु पुलिस अधीक्षक पीटीएस को उत्तरदायित्व सौपा गया। माईक, जनरेटर, के लिए कार्यपालन यंत्री लोनिवि, विद्युत व्यवस्था के लिए बिजली विभाग, संदेश वाचन के लिए जनसंपर्क अधिकारी, मैदान की बेरीकेटिंग के लिए वनमंडलाधिकारी, बास, बल्ली प्राप्त करने एवं वापस करने के लिए कार्यपालन यंत्री लोनिवि, जिप्सी व्यवस्था के लिए उप संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व, फोटोग्राफी, वीडियो ग्राफी,आमंत्रण कार्ड के लिए जनसंपर्क अधिकारी सहित परेड, कार्यक्रम के संचालन, पुरस्कार वितरण , मुख्य अतिथि संबंधी व्यवस्था, झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गणतंत्र दिवस दौड़, मार्गो की साफ सफाई, बैठक व्यवस्था, निर्णायको की नियुक्ति, गणतंत्र दिवस की सपूर्ण व्यवस्था, शील्डस की व्यवस्था, परेड ग्राउंड की व्यवस्था , भारत पर्व कार्यक्रम, मध्यान्ह भोजन पर चर्चा करते हुए उत्तरदायित्व सौपे गये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी , सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीता राम सत्या , प्रभारी एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज,पाली मीनाक्षी इंगले एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**प्रतिदिन यातायात होता है बाधित, वाहन चालकों को करना पड़ता है परेशानी का सामना**

# नगर की सड़कों पर ठेलों के कारण बढ़ गया अतिक्रमण




हरिभूमि न्यूज कोतमा।

नगर की सड़कों पर सब्जी, फल, चाट, फुल्की के ठेले में दुकान लगाए जाने के कारण नगर में अतिक्रमण बढ़ गया है नगर के गांधी चौक, आजाद चौक, स्टेशन चौक, महावीर मार्ग में सब्जी दुकानदारों के द्वारा ठेले एवं सड़क पर सब्जी दुकान लगाए जाने के कारण प्रतिदिन यातायात बाधित होता है जिसके कारण लोगों को पैदल चलने के साथ ही वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सड़क पर लग रही दुकानों के कारण खरीदारों के द्वारा सड़क पर ही दो पहिया वाहन खड़ा कर दिया जाता है जिसके कारण प्रतिदिन घंटे जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान ने इसे गंभीरता से लेते हुए जिला यातायात प्रभारी विनोद दुबे को निर्देशित करते हुए सड़क कोतमा नगर के बाजार में सड़क पर लग रही दुकानों को हटवाते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को जिला यातायात प्रभारी विनोद दुबे के निर्देशन पर फुनगा हाईवे यातायात के कपिल सोलंकी, विनय मिश्रा के द्वारा नगर के आजाद चौक, गांधी चौक, स्टेशन चौक, महावीर मार्ग पर सड़क पर लग रही सब्जी दुकानों को हटाया गया ठेलों मे दुकान लगा रहे सब्जी दुकानदारों को भी हटवाते हुए उन्हें चेतावनी दी गई की मुख्य चौराहों पर यदि सड़क पर खड़े होकर दुकान लगाई गई तो चालानी कार्यवाही करते हुए जप्ती की कार्यवाही की जाएगी। जिला यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने बताया कि यातायात व्यवस्था सुधार के लिए कोतमा नगर में प्रतिदिन यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है साथ ही प्रत्येक शुक्रवार को दल के साथ भ्रमण करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

---

# स्व. शैलेन्द्र सिंह (टुन्ना) की स्मृति में एसडीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** नगर के वार्ड क्रमांक 13 संतोषी दफाई मालूमाड़ा में स्वर्गीय शैलेन्द्र सिंह (टुन्ना) की पुण्य स्मृति में आयोजित एसडीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 10:30 बजे मुख्य अतिथियों द्वारा स्व. शैलेन्द्र सिंह (टुन्ना) की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। टूर्नामेंट में क्षेत्र की कुल 6 टीमें भाग ले रही हैं। सभी मुकाबले 10-10 ओवर के खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला संदेश 11 एवं सिस्टर वाइपर टीम के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू रहेगा तथा अंपायर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 31,000, उपविजेता टीम को 15,000 तथा मैन ऑफ द सीरीज को 3,100 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक मैच में हैट्रिक के साथ 6 विकेट लेने वाले खिलाड़ी को 100 का विशेष पुरस्कार भी दिया जाएगा। बेस्ट बॉलर एवं बेस्ट बैट्समैन के लिए प्रवेश शुल्क 1100-1100 निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथियों में अजय यादव, सुखविंदर सिंह, राजू गुप्ता, संजय सिंह, अब्दुल कलाम, धीरेंद्र सिंह, विकास जायसवाल, लाल बहादुर जायसवाल, रामसनेही यादव, उमाशंकर सिंह, सचिन जायसवाल, मोंटू जायसवाल, बसंत सिंह, मोहन पाव, संतोष चौरसिया एवं गुलाब रजक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया




तथा आयोजन की सराहना की। प्रतियोगिता में आरसीबी, एससी, जीके, इलेक्स फाइटर सहित कई टीमें भाग ले रही हैं, जो मैदान पर अपना दमखम दिखा रही हैं। आयोजन को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने सभी क्रिकेट खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित किया गया सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

**अनूपपुर।** स्वामी विवेकानंद जी की 163 वी जयंती "राष्ट्रीय युवा दिवस" के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती पार्वती राठौर, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने मां सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व मालार्पण कर किया गया। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आकाशवाणी के पल-प्रतिपल कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया गया।
आकाशवाणी के प्रसारण के माध्यम से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के संदेश के साथ ही सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का कार्यक्रम किया गया प्रसारित संदेश के अनुसार उपस्थित सभी लोगों ने कतारबद्ध होकर सूर्य नमस्कार प्रार्थना, प्राणायाम की मुद्रा के तहत सूर्य नमस्कार के 12 आसनों के तीन चक्र प्रतिभागियों द्वारा किए गए। तत्पश्चात प्राणायाम अनुलोम-विलोम का अभ्यास भी कराया गया। योगाभ्यास योग प्रशिक्षक राजेश शर्मा, श्रीनिवास तिवारी तथा श्रीमती माधुरी राठौर द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में राष्ट्रगीत वन्देमातरम् का गायन हुआ। तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद जी के संदेश का प्रसारण हुआ। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक, लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल सहित स्पोर्ट्स टीचर, युवाओ, महिलाओं, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक समेत जनप्रतिनिधियों, गणमान्य जनों, पत्रकारों, अधिकारी, कर्मचारियो तथा बड़ी संख्या में विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। जिले के विभिन्न स्कूलों में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गए।

### महर्षि ज्ञानयुग दिवस पर कार्यक्रम आज

**उमरियापान।** भावातीत ध्यान के प्रणेता ब्रम्हलीन महर्षि महेश योगी की जयंती पर आज 12 जनवरी को करौंदी स्थित आश्रम में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक महर्षि ज्ञानयुग दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें गुरु परंपरा पूजन, दीप प्रज्वलन, वैदिक पंडितों द्वारा शांति पाठ आदि कार्यक्रम होंगे।

### चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया

**सिलौंडी।** ग्राम पंचायत दशरमन में पुलिस उप थाना प्रभारी अनिल पांडे के द्वारा चौपाल कार्य क्रम किया गया जिसमें सभी ग्राम के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जिसमे पुलिस अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्राम लोग पुलिस का सहयोग करें जिससे अपराध में कमी आएगी अगर ग्राम में कुछ भी ऐसा लगता है की यहां कुछ गलत हो रहा है।

## 4 ओपन कास्ट, 4 भूमिगत माइंस की कमान संभाले जीएम बीके जेना

# 78 दिन शेष वार्षिक टारगेट के करीब

### सोहागपुर एरिया लगातार तीसरे वर्ष टारगेट की ओर, लाभ में लौटने की मजबूत तैयारी

एसईसीएल सोहागपुर एरिया एक बार फिर मजबूती के साथ कोयला उत्पादन के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.के. जेना के नेतृत्व में सोहागपुर एरिया में 4 ओपन कास्ट खदानें और 4 भूमिगत माइंस संचालित हो रही हैं।





धनपुरी।

इन खदानों की जिम्मेदारी 5 उपक्षेत्रीय प्रबंधकों और 8 खान प्रबंधकों के कंधों पर है, जो अपने अथक प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य लगातार तीसरे वर्ष पूरा करने की दिशा में जुटे हुए हैं। नेतृत्व मजबूत, लक्ष्य स्पष्टमहाप्रबंधक बीके जेना स्वयं खदानों का नियमित दौरा कर रहे हैं। वे ओपन कास्ट और भूमिगत माइंस में जाकर उत्पादन की स्थिति का जायजा ले रहे हैं, उपक्षेत्रीय प्रबंधकों से सीधे संवाद कर आवश्यकताओं की जानकारी लेते हैं और मौके पर ही मार्गदर्शन देते हुए समस्याओं के समाधान के निर्देश दे रहे हैं। इसी सक्रिय प्रबंधन का नतीजा है कि सोहागपुर एरिया अब घाटे से उबरकर लाभ की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 78 दिन शेष, वार्षिक टारगेट करीबगत दिनों औपचारिक भेंट वार्ता में महाप्रबंधक बीके जेना ने खदानों की भौगोलिक स्थिति और वार्षिक टारगेट को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सोहागपुर एरिया का वार्षिक लक्ष्य हर हाल में पूरा होगा। अमलाई ओसीएम में आरकेटीसी द्वारा ओवरबर्डन हटाने का कार्य तेज गति से चल रहा है और मार्च माह तक यहां कोयला उत्पादन शुरू हो जाएगा। मार्च से उत्पादन की तैयारीअमलाई ओसीएम के समीप धनपुरी से अमरकंटक मेन रोड के नीचे लाखों टन कोयले का विशाल भंडार मौजूद है। इस कोयले के खनन को लेकर रोड डायवर्जन की प्रक्रिया संबंधित विभागों में फाइल स्तर पर चल रही है। दूसरी ओर, सोहागपुर एरिया की धनपुरी ओसीएम अब बंद होने के कगार पर पहुंच चुकी है, लेकिन भूमिगत माइंस से क्षेत्र को नई संजीवनी मिल रही है। भूमिगत माइंस से नई उम्मीदराजेंद्रा भूमिगत माइंस में सीएम मशीन चालू कर दी गई है, जिससे उत्पादन में तेजी आई है। वहीं दामिनी भूमिगत माइंस में भी सीएम मशीन लगाए जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इससे आने वाले समय में कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। प्रबंधन का मानना है कि वर्ष 2026 से सोहागपुर एरिया के लिए "अच्छे दिनों" की वास्तविक शुरुआत हो चुकी है। सीएम मशीन बढ़ेगा उत्पादनसोहागपुर कोयलांचल के लिए सबसे बड़ी उम्मीद नया मेगा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा है। यहां लगभग 30 वर्षों तक 30 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन की क्षमता वाला विशाल कोयला भंडार मौजूद है। यह मेगा प्रोजेक्ट न सिर्फ सोहागपुर कोयलांचल को जीवनदान देगा, बल्कि यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगी कि रामपुर बटुरा ओसीएम से सोहागपुर एरिया का "सुहाग" अगले तीन दशकों तक सुरक्षित रहेगा। इसके साथ ही सोहागपुर एक बार फिर एसईसीएल के सबसे सशक्त कोयलांचलों की सूची में शामिल हो सकेगा। 30 साल तक सुरक्षित उत्पादन1



## थाने पहुंचकर किया आत्मसमर्पण

# बेटे ने मां की गर्दन काटकर की हत्या

धनपुरी।

नगर में सोमवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। वार्ड क्रमांक 24 में रहने वाले रिटायर्ड रामस्वरूप लोधी (62) की पत्नी मुन्नी बाई (लगभग 60 वर्ष) की उनके ही इकलौते बेटे ने धारदार हथियार से गर्दन काटकर हत्या कर दी। यह वारदात 12 जनवरी, सोमवार शाम करीब 4 बजे घर के बड़े (आंगन/बाड़ी) में हुई।घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में वारदात की खबर पूरे नगर में चर्चा का विषय बन गई। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। घर का माहौल चीख-पुकार और मातम में बदल गया।हत्या के बाद थाने पहुंचा आरोपी बेटामृतका का बेटा मोहन लोधी उर्फ बाला लोधी (43 वर्ष) वारदात को अंजाम देने के बाद सीधे धनपुरी थाना पहुंचा और वहां आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी के थाने पहुंचते ही पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरू की।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और पंचनामा कार्रवाई प्रारंभ की। हत्या में प्रयुक्त हथियार को लेकर भी जानकारी जुटाई जा रही है।हत्या की वजह अब तक अज्ञातमां-बेटे के बीच इस खौफनाक घटना के पीछे क्या कारण रहे, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, ताकि हत्या के पीछे की असली वजह सामने आ सके। पारिवारिक विवाद, मानसिक तनाव या अन्य किसी कारण की भी जांच की जा रही है।डॉक्टर देर से पहुंचे, पोस्टमार्टम की तैयारीशाम करीब 6 बजे तक शासकीय डॉक्टर घटनास्थल नहीं पहुंच पाए थे, जिससे आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया में देरी हुई। पुलिस ने बताया कि डॉक्टर के पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।तीन बच्चों का पिता है आरोपीगौरतलब है कि आरोपी मोहन लोधी उर्फ बाला लोधी के दो बेटे और एक बेटी हैं। बच्चों की उम्र लगभग 14, 16 और 19 वर्ष बताई जा रही है। बेटी कोटा में पढ़ाई कर रही है। इस घटना के बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और घर में मातम पसरा हुआ है। पुलिस जांच में जुटीफिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। नगर में इस जघन्य हत्या को लेकर दहशत और शोक का माहौल है। घटना बजे अज्ञात बताया रहा है।1





## बैंक अधिकारी बनकर किया कॉल आनलाइन धोखाधड़ी, उपभोक्ता के खाते से 76 हजार निकाले

### 8 जनवरी से 10 जनवरी तक खाते से किया ठगी

बुढार।

थाना क्षेत्र के टिकूरी टोला निवासी मोहन पनिका के खाते से 76 हजार 3 सौ रुपए अहारित फोन हैंग कर कर लिया बैगर ओटीपी के 8 जनवरी को 4 बार एकाउंट से राशि निकाल लिया जिसकी सूचना थाने में एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित रूप से पीड़ित ने दर्ज कराई है।मोदीक्विक एप से केडिट कार्ड क्रमांक (8591)(0347)(1001)(5750) खाते से निरंतर धोखाधड़ी पूर्वक धनराशि काट ली गई किसी फांड के किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा स्वयं को आर बी एल बैंक के प्रतिनिधि अपने-आप को बता कर मेरे बैक केडिट कार्ड खाते की लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव देते हुए जिससे मेरी 3 मीनट 20 सेकेंड बातचीत हुई उसी दौरान मेरे मोबाइल को हैंग कर मेरे केडिट कार्ड का गोपनीय ओटीपी की स्वयं जानकारी लेते हुए मेरे मोबाइल को हैंग कर एवं मेरे से कोई ओटीपी की मांग नहीं की धोखाधड़ी कर्ता के द्वारा मेरे खाते से पहली बार 1342, दुसरी बार 19 हजार, तीसरे बार 13 हजार और तीन बार 10 10 हजार एवं लास्ट में 14 हजार 9 सौ 77 रुपए कुल 76 हजार 3 की ठगी एवं मेरे केडिट कार्ड खाते पर 40 हजार का लोन भी करा दिया है।जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 12 जनवरी को फरियाद करते हुए जालसाजी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।





# युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत ने दिखाये हिंदू दर्शन



बिरसिंहपुर पाली

स्वामी विवेकानंद जी के जन्म जयंती प्रतिवर्ष की तरह ₹ भारतीय राष्ट्रीय युवा दिवस₹ को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रकाश नगर मे सामूहिक योग एवं सूर्य नमस्कार का उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि श्रीमती आशा उपाध्याय जी ने योगासन के विभिन्न पहलुओं से भैया बहनों को अवगत कराया। योग जीवन में एवं योग से जीवन के सारांश को विशिष्ट अतिथि श्री राम जी सोनी जी ने युवा मंच पर भारत दर्शन प्रस्तुत कर कहां की स्वामी जी का दर्शन एवं स्वामी जी के जीवन तथा कार्य के पश्चात निहित उनके आदर्श ही भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हो सकता है। विद्यालय समिति के पूर्व व्यवस्थापक श्री राम बहादुर सिंह जी ने सूर्य नमस्कार को सामूहिक प्रदर्शन एवं उत्साह के साथ उपस्थित सभी भैया बहनों की प्रशंसा की। युवा दिवस में मंचासीन श्री आर आर विश्वकर्मा जी उपाध्यक्ष विद्या भारती प्रकाश नगर, स्थानीय समिति के कोषाध्यक्ष श्रीमान सी पी विश्वकर्मा जी, अभिभावक बंधुवरों आगंतुकों का युवा दिवस में सम्मिलित होने हेतु आभार विद्यालय के प्राचार्य श्री राकेश तिवारी जी द्वारा व्यक्त किया गया।

## उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए : प्राचार्या गंगा मिश्रा





### प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढार में युवा दिवस धूमधाम से मनाया

बुढार।

सोमवार को स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया है इस अवसर पर शासकीय नेहरू महाविद्यालय में भव्यता के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे महाविद्यालय के प्रांगण में शासन के निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार डॉ नृपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रगीत वंदेमातरम, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, प्रदेश के मुख्यमंत्री का संदेश रेडियो का सीधा प्रसारण में सुना गया ।

युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों से वक्ताओं द्वारा अवगत कराया गया।

इसके पश्चात महाविद्यालय के सभागार में समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया, प्राचार्या श्रीमती गंगा मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। प्राचार्य ने सभी मुख्य पांच आदर्श वाक्य बताए 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए' का उनका संदेश हर युवा के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों के द्वारा भाषण कु राधिका जायसवाल,कु गीतांजलि मिश्रा स्वामी विवेकानंद के विचारों को साझा करते हुए अपने भाषण में काव्य-पाठ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।छात्रों ने स्वामी जी के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकाय के प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और इस अवसर पर डॉ नागमणि मानिकपुरी, डॉ वी सोनवानी, डॉ स्वालकीन खान,डॉ त्रिपाठी,डॉ बेक,डॉ शिवमूरत प्रजापति,डॉ मनोज कुजूर,डॉ अनूप सेन,डॉ शशि मोहन, प्रो जयशंकर सिंह, डॉ दिनेश वर्मा,डॉ राधेश्याम नापित ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

## केन्द्रीय विद्यालय नौरोजाबाद में स्वामी विवेकानन्द जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन



बिरसिंहपुर पाली

केंद्रीय विद्यालय एस ई सी एल नौरोजाबाद में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य संतोष कुमार द्विवेदी द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर भाषण, कविता पाठ, स्वदेशी संकल्प, सूर्य नमस्कार एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।प्राचार्य संतोष कुमार द्विवेदी ने अपने संबोधन में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के आदर्श जीवन की जानकारी देते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होनें अपने वक्तव्य में कहा कि हम सभी को देश के महापुरुषों की शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर और सदभावनापूर्ण रह कर देश के अच्छे नागरिक बनकर उन्नति और खुशहाली में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने अपनी विशेष भूमिका निभाई।

## असाटी समाज का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

अखिल भारतीय असाठी(वैश्य )समाज महासभा के तत्वाधान में शपथ ग्रहण कार्यक्रम रविवार को स्लीमनाबाद में आयोजित हुआ जहाँ समाज की नई कार्यकारिणी के मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गईं। धनगवां निवासी विनय असाठी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने निर्वाचन प्रमाण पत्र देते हुये शपथ दिलाई गईं। विनय असाठी एक छोटे से गाँव धनगवां के निवासी है जो इस मुकाम पर पहुंचें है

शपथ ग्रहण उपरांत विनय असाठी सामाजिक कार्यक्रम में समाज जनों को दण्डवत प्रणाम किया ओर कहा कि मुझे जो यह जवाबदेही मिली है, उसका भी दृढ संकल्पित होकर निर्वहन करूंगा। समाज को आगे बढ़ाने हमेशा ही तत्पर रहूंगा। इसके अलावा नीतू असाठी ने राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष, चंद्रकांत नायक ने राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, महेश कुमार असाठी ने राष्ट्रीय मंत्री,पन्नालाल ज्वारिया ने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष,जीवन कुमार नायक ने राष्ट्रीय सह सचिव, बिहारी लाल असाठी उपाध्यक्ष, कमलेश असाठी शपथ ली।

खबर संक्षेप

## हिंसक वन्यप्राणी ने किया गाय पर हमला, आहार की तलाश में देर रात पहुंचा गांव



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जैतहरी इलाके में जहां तीन हाथियों का निरंतर विचरण हो रहा है वही रोहिलाकछार गांव में रविवार की शाम एक हिंसक वन्यप्राणी द्वारा एक गाय पर हमला कर गंभीर रूप से घायल किया एवं देर रात गांव में पहुंचकर आहार की तलाश करता रहा। जैतहरी इलाके के ग्राम पंचायत के क्योटार के रोहिलाकछार गांव में रविवार की शाम बाबूलाल यादव पिता रामलाल यादव जो अपने चार-पांच मवेशियों को दिन मे जंगल में चराने बाद शाम को वापस गांव आ रहे थे तभी गांव के आंगनवाड़ी के पास अचानक एक हिंसक वन्यप्राणी द्वारा उसके एक सफेद रंग की गाय पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया इस बीच हो-हल्ला करने पर जंगली जानवर जंगल की ओर भाग गया लेकिन रात 11 बजे के लगभग जंगली जानवर अचानक गांव के बीच बस्ती मे आहार की तलाश में छानी में चढ़ गया जिसे देख हो-हल्ला होने पर ग्रामीणों द्वारा हो हल्ला कर उसे गांव से बाहर खदेड़ दिया घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग जैतहरी के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आसपास के वन क्षेत्र में हिंसक वन्यप्राणी के विचरण पर निगरानी रखे हुए हैं वहीं गंभीर रूप से घायल गाय का पशु चिकित्सा विभाग द्वारा उपचार किया जा गया वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को दिन के समय जंगल की ओर स्वयं एवं मवेशियों को नही ले जाने की बात कही है।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स ब्लाक स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन 13 से 16 जनवरी तक

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** खेलों एमपी यूथ गेम्स का आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग, एवं राज्य स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। ''खेलों एमपी यूथ गेम्स'' के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय चयन स्पर्धा, जिला एवं संभाग पर 19 खेल की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा 07 खेल सीधे राज्य स्तर पर आयोजित होंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी अनूपपुर ने बताया है कि ब्लॉक स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स अनूपपुर जिले के चारो विकासखण्डों में आयोजित होंगे। 13 जनवरी को विकासखण्ड जैतहरी अंतर्गत मिनी स्टेडियम जैतहरी एवं जनपद खेल मैदान जैतहरी, शासकीय महाविद्यालय खेल मैदान लहरपुर जैतहरी एवं सस्वती शिशु उ.मा.वि. जैतहरी और विकासखंड पुष्पराजगढ़ अंतर्गत कोहका स्टेडियम, लखौरा, कोहका मॉडल स्कूल, बिजली ऑफिस ग्राउंड भेजरी, कोहका स्टेडियम खेल मैदान, मॉडल स्कूल में चयन स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 13 जनवरी को विकासखंड कोतमा/अनूपपुर अंतर्गत गुरू द्रोणाचार्य स्टेडियम कोतमा में क्रिकेट एवं शेष खेल 15 एवं 16 जनवरी को आयोजित होगा। समस्त प्रतिभागियों को आयु के संबंध में जन्म प्रमाण पत्र 10वीं की अंकसूची की मूलप्रति, प्रतियोगिता से पूर्व प्रस्तुत करना होगा व आधार कार्ड, मध्यप्रदेश का मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं समग्र आईडी प्रस्तुत करना होगा। अधिक जानकारी के लिए ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड जैतहरी दिनेश कुमार सिंह चंदेल के मो.न. 9685303796, ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड कोतमा/अनूपपुर मिथलेश सिंह नेताम के मो.नं. 6261617170 एवं ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड पुष्पराजगढ़ खेलन प्रसाद कोल के मो. नं. 6264043241 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सरकार मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन करें तभी 50 प्रतिशत कम होंगे सड़क हादसे

# कच्चे माल के वाहनों पर लगी इनाम कि राशि सहित तेज रफ्तार वाहन बन रहे है सड़क हादसों के कारण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रदेश में इस समय होने वाले सबसे ज्यादा सड़क हादसे सिर्फ तेज रफ्तार के चलते होते है। जिसमें भारी वाहनों के द्वारा कच्चा माल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए सप्लाई के दौरान ड्राइवर को 10 हजार से 25000 तक की इनाम कि राशि घोषित किया जाता है। जिसके चलते ड्राइवर वाहन तेज रफ्तार में चलाते है और इसी बीच हादसे भी होते है। डाक पार्सल वाहनो (कम्पनियों) में प्रतिस्पर्धा के कारण पिछले तीन वर्षों में निर्धारित समय को आधा कर देना अतः स्पीड का दो गुना हो जाना भी सड़क हादसों का कारण बन रहे है।




### सड़क हादसे बढ़ने के क्या है कारण

सड़क हादसों के सबसे बड़े कारण 25 वर्ष से कम उम्र में ही भारी वाहन चलाने का लाइसेंस मिल जाना। जिसके चलते युवा अवस्था में जोश में वाहन तीव्र गति से चलाते है। वह इसे अपनी शान समझते है, ये सामाजिक एवं पारिवारिक जिम्मेदारी नही समझते है। देश में सड़कों की खस्ताहाल हालात उपयुक्त सड़क न होने पर भी तेज रफ्तार के वाहनों का बाजार में आ जाना महंगी एवं नई टेक्नॉलॉजी वाले वाहन जिस हिसाब से (तेजी से हाइवे का निर्माण हो रहा है, उस तेजी से वाहन चालकों एवं लोगों में जागरुकता नहीं बढ़ रही है। इसके साथ ही कुछ बिगड़े बच्चों द्वारा मोटरयान नियम को गंभीरता से न लेना भी इसमें शामिल है।

### नियम और कानून में बदलाव की आवश्यकता

इसके लिए मोटरयान नियम में बदलाव की आवश्यकता है। इसके लिए मोटरयान नियम कि धारा 183 (अत्यधिक गति आदि से चलाना) एवं मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 185 के अंतर्गत (मादक द्रव्यों का असर होते हुए नशे की हालत में वाहन चलाना) को गंभीर मानकर शक्त कार्यवाही हो। लगातार या फिर कोई तीन बार ओवर स्पीड के चालान) किसी वाहन पर पर हुआ हो तो उसका रजिस्ट्रेशन स्वतः समाप्त हो जाय और यह वाहन केंद्रीय पोर्टल वाहन 4 पोर्टल पर संशोधन कर दर्ज किया जाए। परिवहन वाहन का यदि रजिस्ट्रेशन ई-परमिट समाप्त होगा तो उसे ट्रांसपोर्ट पोर्टल पर दर्ज किया जाए। जिससे कि परिवहन वाहन जांच के दौरान ऐसे वाहन पकड़े जा सकेगे। यह परिवहन से संबंधित पोर्टलो पर ऐसे वाहनों की जानकारी प्रदर्शित हो जिसने लगातार 3 बार यातायात नियमों का उल्लंघन किया हो उस वाहन को ब्लैक लिस्टेट किया जाए। भारत देश की सभी इंफोर्समेंट टीम को यह निर्देशित/आदेशित किया जाए कि संबंधित वाहन बिना रजिस्ट्रेशन एवं बिना परमिट का है, अतः इसे पकड़ कर चैक किया जाए। यदि चालान न भरने पर उसे कोर्ट में पेश किया जाये। आपको बता दें कि चूंकि यह कार्य केन्द्र सरकार से संबंधित है इसलिए मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 दोनों को संशोधित करना पड़ेगा। परंतु यदि यह राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र से संबंधित हो तो मध्यप्रदेश मोटरयान नियम 1994 में संशोधन करके मध्यप्रदेश में किया जा सकता है।

### संसोधन से क्या होंगे फायदे

मोटरयान अधिनियम में अगर संसोधन किया जाए तो 50 प्रतिशत सड़क हादसे रुकेंगे और कम जनहानि होगी, सरकार के परिवहन विभाग को री-रजिस्ट्रेशन, री-परमिट टैक्स मिलेगा। वह वर्दीधारी पुलिसकर्मी या परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल जो डयूटी के दौरान वाहनो के चपेट में आ जाते हैं, उसकी संभावना समाप्त हो जायेगी। और उनका कार्य भी कम हो जायेगा। सड़क सुरक्षा समिति का भार भी कम होगा अर्थात सड़क पर घटने वाली 50 प्रतिशत घटनाये कम हो जायेगी। जिससे सड़क सुरक्षा समिति का कार्य एवं खर्च दोनो कम हो जायेगे। यदि सरकार इन सभी बिन्दुओं पर तत्काल गौर करें तो सड़क हादसों को बहुत बड़े स्तर पर कम किया जा सकता है, और जनहानि की कम की जा सकती है। इसलिए केंद्र सरकार और प्रदेश की सरकार को इस विषय को संज्ञान में लेना चाहिए।

## 21 दिनों से धनगवां के जंगल में रह रहे तीन हाथी



### रात में अचानक आ जाने का बना रहता डर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** तीन हाथियों का समूह 21 दिनों से निरंतर जैतहरी इलाके के धनगवां बीट के जंगल में दिन एवं रात के समय निरंतर विश्राम एवं विचरण कर रहे है जो देर रात अचानक जंगल से लगे गांव टोले में ग्रामीणों के खेत एवं घरों के पास पहुंच जाने से आसपास के लोग रात भर डरे, सहमे में रहते हैं। 21 दिनों से निरंतर तीन हाथियों का समूह जैतहरी इलाके के धनगवां बीट के जंगल जो ग्राम पंचायत क्योटार, पड़रिया एवं कुकुरगोडां के अनेको टोला/मोहल्ला के ग्रामीण जो जंगल के मध्य एवं जंगल से लगे में बसे है यह बड़ा जंगल है में तीनों हाथी दिन एवं रात में बिचरण तथा विश्राम करते हुए देर रात होने पर अचानक जंगल से लगे टोला/मोहल्ला में पहुंचकर ग्रामीणों के खेतों एवं घरों में आ जा रहे हैं पिछली देर रात हाथियों द्वारा ग्राम पंचायत पड़रिया के चोई गांव की गोढाटोला में देर रात अचानक पहुंचकर दिनेश राठौर, विकास राठौर, कन्हैया राठौर के खेतों में लगी फसलों एवं सब्जियों को अपना आहार बनाया वहीं चोई के भलुवान टोला घर में जंगल के किनारे बसे छंगू सिंह पिता भागीरथी सिंह के घर में तोड़फोड़ करते हुए सुबह होने के पूर्व जंगल चले गए रविवार की देर रात हाथियों के समूह का एक छोटा हाथी को झंडीटोला जंगल से अकेला निकल कर चोई गांव के गोढाटोला आकर विकास राठौर के खेत में लगे गेहूं की फसल एवं वर के पेड़ की टहानियो को तोड़ते हुए विचरण कर रहा था इस हाथी को जंगल की ओर भगाए जाने के प्रयास में यह हाथी लोगों को दौड़ाता रहा है जो सुबह होते ही फिर से जंगल की ओर चला गया सोमवार को 21 वे दिन तीनों हाथी धनगवां बीट के जंगल तुर्का डोंगरी जंगल में विचरण एवं विश्राम कर रहे हैं रात के समय अचानक हाथियों का समूह जंगल से लगे गांव टोला/मोहल्ला में अचानक आ जाने से ग्रामीणों में डर एवं दहशत स्थिति बनी रहती है जिस कारण ग्रामीण जन रात रात भर जाग कर रात बिताने को बाध्य है, वन विभाग का गस्ती दल पूरे समय हाथियों के विचरण की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को हाथियों से बचने के विभिन्न उपायों से अवगत करा रही है।

## मकर संक्रांति मेले में कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं नोडल अधिकारी नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पर्व पर पूर्व वर्षों के अनुसार जिले के विभिन्न स्थानों पर मेला एवं धार्मिक आयोजन होगा। 14 एवं 15 जनवरी को मेले के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने जिले के अनूपपुर, जैतहरी, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ विकासखण्डो के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले मेले में शांति एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं व्यवस्था हेतु नोडल



अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी नियुक्त किए हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने नियुक्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह उक्त अवधि में थाना क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को अपने-अपने अनुभाग अंतर्गत कानून व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो उक्त तिथियो में सतत निगरानी रखते हुए कानून व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे।

## कल्याणिका केन्द्रीय शिक्षा निकेतन अमरकंटक में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर कल्याणिका केन्द्रीय शिक्षा निकेतन, अमरकंटक में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद के विचारों के माध्यम से आत्मविश्वास, राष्ट्रप्रेम और चरित्र निर्माण की भावना को जागृत करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के उप-प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। उप-प्राचार्य ने अपने उद्घाटन संबोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन, आदर्शों और युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### मुख्य आकर्षण

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित नाटक, कविताएं एवं प्रेरक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया। अमरकंटक स्थित रामकृष्ण मठ के स्वामी अद्वैतानंद महाराज ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर अपने प्रेरणादायी विचार साझा करते हुए युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए गए।

### छात्रों का उत्साह

कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कक्षा नवमी की छात्रा कुमारी दिव्यांशी पाण्डेय ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और आदर्शों पर अत्यंत ओजस्वी एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य, संगीत एवं सामूहिक भजन की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय और प्रेरणास्पद बन गया। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे विद्यालय परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम सभी के लिए अविस्मरणीय रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर संदेश के साथ किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी आयोजनों के निरंतर आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# जिले में चार चरणों में 31 मार्च तक चलेगा ''संकल्प से समाधान'' अभियान : कलेक्टर

### शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं में हितग्राहियों को दिया जाएगा लाभ




### कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में आज से 31 मार्च तक चार चरणों में ''संकल्प से समाधान'' अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय तथा जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर वार्ड स्तरीय समितियों का गठन किया जाए, जिनके माध्यम से आवेदन एवं शिकायतों का संकलन किया जाएगा। प्रत्येक दल के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। अभियान से संबंधित सम्पूर्ण कार्यवाही सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जाएगी। कलेक्टर श्री पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर ने आधार कार्ड कैंपों के आयोजन के संबंध में ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक से जानकारी प्राप्त कर प्रगति की समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि जनवरी माह में जिले के समस्त विकासखंडों में मेगा आधार कार्ड कैंप आयोजित किए जाए जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं एवं नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए सिविल सर्जन से गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं के दस्तावेजीकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में शीघ्रातिशीघ्र वन स्टॉप सेवा केंद्र की स्थापना की जाए, जहां विधिवत रजिस्टर संधारित करते हुए जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र दस्तावेजीकरण संबंधी समस्याओं सहित अन्य आवश्यक सेवाओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय परिसर में आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड कैंपों का आयोजन भी किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को तत्काल आधार कार्ड संबंधी समस्याओं का निराकरण कर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी से उपार्जन केंद्रों में उपार्जित धान की स्थिति, उठाव एवं परिवहन, साथ ही हितग्राहियों को उपार्जन राशि के वितरण सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने राशन दुकानों में प्रतिमाह खाद्यान्न आवंटन के भौतिक सत्यापन की स्थिति की भी जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि प्रत्येक माह की 20 तारीख के पूर्व जिले की समस्त उचित मूल्य दुकानों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करते हुए खाद्यान्न आवंटन का फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस कार्यवाही की प्रतिवेदन स्वयं उनके समक्ष तथा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को प्रस्तुत की जाए, जिससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली में और अधिक पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर श्री पंचोली ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी, अमरकंटक को निर्देशित किया कि अमरकंटक में प्रसादम् योजना के अंतर्गत निर्मित संरचनाओं की वर्तमान उपयोगिता तथा जिन संरचनाओं का उपयोग अभी नहीं हो रहा है, उनके प्रभावी उपयोग हेतु उपयुक्त रणनीति निर्धारित कर पृथक से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग से वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरस्त दावों के पुनः परीक्षण एवं प्रशिक्षण अभियान की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने सी.एम. हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार बैठक में कलेक्टर ने अन्य विभिन्न विभागों के योजनाओं एवं प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी सतीश वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित जिले के संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## कोलमी में ग्रामीण क्रिकेट का महाकुंभ सम्पन्न

**अनूपपुर।** रक्सा कोलमी स्थित माँ ज्वाला खेल मैदान में न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं टोरंट पावर लिमिटेड के सहयोग से आयोजित ''न्यू जोन इंडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट'' का भव्य एवं सफल समापन 12 जनवरी को हुआ। यह ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट 2 जनवरी से प्रारंभ होकर 12 जनवरी को फाइनल मुकाबले के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें कुल 16 पंजीकृत टीमों ने सहभागिता की। टूर्नामेंट की पूरी अवधि के दौरान क्षेत्र में खेल, अनुशासन, भाईचारे एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बना रहा। ग्रामीण युवाओं, खेलप्रेमियों एवं दर्शकों में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। 12 जनवरी को खेले गए फाइनल मुकाबले में आदिवासी 11 (रक्सा) बनाम कोलमी की टीमें आमने-सामने रहीं। फाइनल मैच में कोलमी टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों को रोमांचक मुकाबले का साक्षी बनाया। फाइनल एवं समापन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी एवं औद्योगिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से श्रीमती प्रीति सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत अनूपपुर, मुन्ना सिंह कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, राजू पनिका सरपंच ग्राम पंचायत कोलमी, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजक संस्था न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं टोरंट पावर लिमिटेड की ओर से एस. के. मिश्रा, ओ. पी. नैनवाल, धीरेज सिंह ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर कंपनी की ओर से न्यू जोन एवं टोरंट पावर के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। मैच के दौरान क्षेत्रीय सामाजिक एवं पंचायत प्रतिनिधियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिनमें छत्रधारी राठौर, नरेंद्र राठौर, बंशीपति, ग्राम पंचायत कोलमी के समस्त पंचायत सदस्यगण शामिल रहे। उद्घाटन दिवस पर पहला मुकाबला धुरवासिन बनाम एसीसी फुंनगा के बीच खेला गया, जिसमें धुरवासिन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला दैखल बनाम चांदपुर के बीच खेला गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। न्यू जोन इंडिया कंपनी के अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि कंपनी खेल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों को निरंतर सहयोग देती रही है और भविष्य में भी यह सहयोग जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने, नशे एवं भटकाव से दूर रखने तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों ने न्यू जोन इंडिया द्वारा किए गए इस आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की और आशा व्यक्त की कि माँ ज्वाला खेल मैदान, कोलमी में भविष्य में भी इसी तरह के खेल आयोजनों की निरंतरता बनी रहेगी। 2 जनवरी से प्रारंभ होकर 12 जनवरी को सम्पन्न हुआ न्यू जोन इंडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट ग्रामीण खेल प्रतिभाओं, सामाजिक सहभागिता एवं युवा ऊर्जा का एक सशक्त, सकारात्मक और प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया।